Canadian Food Inspection Agency | Agence canadienne d'inspection des aliments

तथ्य-पत्र: पता लगाने की क्षमता

सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस

पता लगाने की क्षमता खाद्य या खाद्य वस्तु की आवाजाही गति को ट्रैक करने की क्षमता है, एक कदम पीछे और एक कदम आगे।

सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस (SFCR) के अन्तर्गत, पता लगाने की क्षमता की आवश्यकताएं अधिकतर उन खाद्य व्यापारों पर लागू होती हैं जो:

- खाद्य का आयात करते हैं
- खाद्य का निर्यात करते हैं
- प्रांतीय या क्षेत्रीय सीमाओं के पार खाद्य उत्पादों को वितरित करते या भेजते हैं
- निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये खाद्य वस्तुओं को बनाने, संसाधित, उपचार, संरक्षित, ग्रेड, स्टोर करने के लिए पैकेजिंग या लेबलिंग करते हैं
- प्रांतीय या प्रादेशिक सीमाओं के पार निर्यात किए जाने या भेजे जाने के लिए ताजा फल या सब्जियों को उगाते और काटते हैं
- मांस उत्पाद निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये ऐसे खाद्य-पशुओं का वध करते हैं जिनसे मांस उत्पाद प्राप्त होते हैं
- कैनेडा की खाद्य निरीक्षण एजेंसी (CFIA) द्वारा निरीक्षण के लिए आयातित खाद्य मांस उत्पादों को स्टोर करते और संभालते हैं
- रिटेल में उपभोक्ताओं को खाद्य बेचते हैं, जिनको एक कदम पीछे पता करने की आवश्यकता होती है, लेकिन उपभोक्ता के लिए आगे नहीं।

पता लगाने की क्षमता (ट्रैसेबिलिटी) की आवश्यकताएं restaurants and other similar enterprises रेस्तरां और अन्य समान कारोबारों पर लागू नहीं होती हैं।

traceability interactive tool ट्रेसबिलिटी इंटरेक्टिव टूल का उपयोग करके पता करें कि आपके लिए क्या लागू होता है। इसमें केवल 5 मिनट लगते हैं।

यह कैसे काम करता है?

ट्रेसबिलिटी दस्तावेजों में आवश्य होना चाहिए:

Canada

- **खाद्य की पहचान:** - खाद्य का आम नाम, उस व्यक्ति का नाम और पता जो खाद्य बनाता/ती, तैयार, उत्पादित, स्टोर, पैक या लेबल करता/ती हैं, और खाद्य का पता लगाने के लिए लॉट कोड[1] या अन्य विशिष्ट पहचान[2] होनी चाहिए
- **खाद्य का पता लगाना एक कदम पीछे** आपके खाद्य प्रदानकर्ता के बारे में जानकारी और वह तिथी भी जब उसने आपको खाद्य दिया था
- **खाद्य का पता लगाना एक कदम आगे** आपके खाद्य प्राप्तकर्ता के बारे में जानकारी और वह तिथी जब आपने उसे खाद्य दिया था
- यदि लागू हो तो एक कदम पीछे उस सामग्री की जानकारी जिसका उपयोग आपने खाद्य बनाने के लिये किया था और वह तिथी भी जब आपको सामग्री दी गयी थी
- यदि लागू हो तो एक कदम पीछे खाद्य-पशुओं की पहचान और उनके वध की तिथि

स्पष्ट और पढ़ने योग्य रिकार्ड दो वर्ष के लिये बनाए रखने होगें जो कैनेडा में पहुँच योग्य हों, और अनुरोध पर CFIA को प्रदान किये जाना चाहिये। जहाँ इलैक्ट्रॉनिक रिकार्ड का उपयोग होता है, उन्हें एक ही फाइल में ऐसे फॉरमेट में प्रदान करना है जो स्टैंन्डर्ड कमर्शल सॉफ्टवेअर में आसानी से खोला और इस्तेमाल किया जा सके।

यह क्यों महत्वपूर्ण है

अधिक जानकारी के लिए देखें कि कैनेडा में कई व्यपारों के पास सरल ट्रैसेबिलिटी रिकार्ड हैं और कईयों के पास नहीं भी हैं। इससे खाद्य सुरक्षा की जाँच और माल-वापसी की प्रभावशीलता और समयबध्दता प्रभावित हो सकती है।

वह व्यपार, जो उन्हें प्रदान किए गए प्रत्येक खाद्य का स्त्रोत पता लगा सकते हैं (एक कदम पीछे) और उसके अगले स्थान का (एक कदम आगे), आवश्यकता पड़ने पर स्पष्ट और समयानुकूल जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह, व्यपारों के लिये असुरक्षित खाद्य को बाजार से हटाने में लगने वाले समय को काफी हद तक कम कर सकता है। यह कैनेडियनस को बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है और कैनेडा के फूड सेफ्टी सिस्टम में विश्वास में वृध्दि करता है।

अधिक जानकारी के लिये देखें www.inspection.gc.ca/safefood

इसमें भी आपकी रुचि हो सकती है**:**

- वीडियो: Get Ready for the Safe Food for Canadians Regulations सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस के लिये तैयार हो जाएं
- Traceability interactive tool ट्रेसिबिलिटी इंटरैक्टिव टूल

- Regulatory requirements: Traceability कानूनी आवश्यकताएं: ट्रेसिबिलिटी
- Understanding the Safe Food for Canadians Regulations: A handbook for food businesses सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस **को समझें:** खाद्य व्यापारों के लिये एक पुस्तिका
- Questions and Answers: Traceability प्रश्न और उत्तर: ट्रेसबिलिटी
- Getting started: Toolkit for businesses आरंभ करना: व्यपारों के लिए टूलकिट